तापमान
अधिकतम 44.5 डिग्री से.
न्यूनतम 21.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 11 जून 2026

14 बाढ़ के 'वार रूम' की स्थापना 'वार' से पहले हो...



14 संस्थान प्रवेश प्रतिशत व महिला सहभागिता में रहा अव्वल



## खबर संक्षेप

### मृतक की शिनाख्त नहीं पुलिस ने जांच शुरू की

**पानीपत।** गांव कुराड से जलालपुर प्रथम जाने वाले रास्ते के किनारे मॉडर्न पॉलीमर्स कंपनी के पास से अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। वहीं, मृतक के शरीर पर चोटों के गहरे निशान है। राहगीरों की सूचना पर थाना सनौली खुर्द पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। मामला हत्या का होने की आशंका के चलते पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी शव व घटनास्थल की जांच करवाई। पुलिस का प्रथम दृष्टि मानना है कि युवक की किसी अन्य स्थान पर हत्या करने के बाद शव को यहां फैंका गया है। इधर, पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। वहीं, पुलिस ने मृत की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।

### थानेदार पर घर खाली करवाने का आरोप

**पानीपत।** विकास नगर (एनएफएल) क्षेत्र निवासी महिला गीता ने हुडा औद्योगिक सेक्टर-29 थाना के प्रभारी सुभाष खासा पर जबरन मकान खाली करवाने के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### स्कूल में बिजली आपूर्ति ठप

**पानीपत।** गांव नौल्था के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पिछले दस दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। क्षेत्र में आए तूफान के कारण बिजली की लाइन के तार टूट गए थे, जिस कारण स्कूल परिसर में बिजली की सप्लाई नहीं हो रही है। वहीं, स्कूल की प्रिंसिपल वीना खन्ना ने इसकी शिकायत बिजली निगम के कार्यालय में दर्ज कराई हुई थी।

### सुरक्षा कर्मियों की भर्ती आज

**पानीपत।** जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि चीरवार को रोजगार विभाग द्वारा सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड कम्पनी (एसआईएस) के माध्यम से सुरक्षा कर्मी के 20 पदों को भरने के लिए पानीपत जिले में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्राप्त रिक्तियों के विरुद्ध साक्षात्कार हेतु इच्छुक युवाओं को पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## आमजन तो क्या पशु-पक्षी भी गर्मी और लू के थपेड़ों से हो रहे हलकान

# गर्मी की तपिश और लू के कहर से लोग हुए बेहाल

*बुधवार को जिले का तापमान बढ़कर अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। आलम यह है कि गर्मी की तपिश और लू के कहर से जहां आमजन बेहाल हो रहा है, वहीं, पशु पक्षी भी गर्मी से हलकान हो गए हैं। गर्मी का असर बाजारों में भी दिखाई दे रहा है। बुधवार को भी दिन भर गर्मी से जहां लोग बेहाल रहे वहीं पशु-पक्षी भी गर्मी से राहत पाने के लिए नदी तालाबों का रूख करते दिखाई दिए। बुधवार को जिले का तापमान बढ़कर अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

बुधवार को सुबह होते ही मौसम में गर्मी की तपिश बन गई और लू का कहर बरपने लगा। जैसे जैसे दिन बढ़ता गया लू का कहर और भीषण गर्मी की लपटों ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। लोग घरों में दुबक गए। दोपहर के समय तो हालत और भी ज्यादा खराब हो गई। मकान की छतों में लगे पंखे भी गर्म हवा फैंकने लगे। जिनसे परेशान होकर कुछ लोग पेड़ों की छांव के तले चले गए और कुछ लोगों ने नहरों व तालाबों में कुछ देर नहाकर गर्मी से निजात पाने का प्रयास किया। ग्रामीण इलाकों में तो और भी ज्यादा परेशानी हुई। क्योंकि बिजली के कट लगने से ग्रामीण इलाकों में बच्चे, बुजुर्ग व बीमार हलकान रहे।



यमुनानगर। बुधवार को तापमान बढ़ने से दोपहर के समय नहर में नहाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### बाजार होने लगे सूनसान

दुकानदार मोंटी, कुलविंद्र, रोहित व विशाल आदि ने बताया कि गर्मी के कारण अधिकांश लोग बाजार में नहीं आ रहे हैं। दोपहर के वक्त तो बाजार सुनसान होने लगे हैं। वहीं गर्मी के कारण दुकानदारी शाम की ही रह गई है। आलम यह है कि शाम छह से आठ बजे तक ही लोग बाजार में निकल रहे हैं। कपड़ा विक्रेता राधे श्याम ने बताया कि दिन में गर्मी होती है, वहीं रात को लोग कपड़े खरीदने से परहेज करते हैं। जिस कारण उनका धंधा पूरी तरह से चौपट हो गया है। बुधवार को भीषण गर्मी की वजह से जिले का तापमान बढ़कर अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

### कुरुक्षेत्र में पारा 42 डिग्री पार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में गर्मी ने एक बार फिर लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह से ही तेज धूप और उमस के कारण लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा था, जबकि दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। भीषण गर्मी और लू जैसे हालात के चलते लोग घरों में रहने को मजबूर रहे। गर्मी का असर बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और यातायात पर भी देखने को मिला। दोपहर के समय बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम रही, वहीं सड़क किनारे लगे ठंडे पेय पदार्थों, जूस, शिकंजी और नारियल पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी। राहगीर सिर पर कपड़ा या छाता रखकर धूप से बचने का प्रयास करते नजर आए। गर्म हवाओं के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित शिकायतों वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सकों के अनुसार डिहाइड्रेशन, सिरदर्द, चक्कर आना और थकावट जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने और दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है।

- गर्मी से कारोबार प्रभावित बाजार में नही पहुंच रहे ग्राहक

# युवक को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 4.90 लाख

*पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर जठलाना निवासी समीर खान से चार लाख 90 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप शहर की मधु कॉलोनी चिट्टा मंदिर निवासी कुलदीप सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जठलाना निवासी रेसाज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई समीर खान रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि मधु कॉलोनी चिट्टा मंदिर निवासी कुलदीप सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। जुलाई 2025 में वह आरोपी कुलदीप सिंह से मिली। आरोपी ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसके भाई समीर को भी विदेश भेज देगा। जहां पर उसे रोजगार मिल जाएगा। वह आरोपी की बातों में आ गई। सेराज ने बताया कि आरोपी ने उसके भाई को विदेश भेजने के नाम पर चार लाख 90 हजार रुपये ले लिए। आरोपी ने उसके भाई को जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसके भाई को विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## एटीएम कार्ड बदलकर व्यक्ति के अकाउंट से निकाले 1 एक लाख 46 हजार रुपये

**यमुनानगर।** एटीएम कार्ड बदलकर गांव सिली खुर्द निवासी रघुवीर सिंह के अकाउंट से एक लाख 46 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। रघुवीर सिंह को इसकी जानकारी तब लगी जब वह अपने अकाउंट से पैसे निकालने के लिए गया। जांच के दौरान अकाउंट में पैसे कम थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सिली खुर्द निवासी रघुवीर सिंह ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका आईसीआईसीआई बैंक में अकाउंट है। उसने ट्रांजेक्शन के लिए बैंक से एटीएम लिया हुआ है। छह जून को शाम साढे सात बजे वह बैंक के एटीएम से पैसे निकलवाने के लिए गया। उसने बताया कि इस दौरान एटीएम बूथ पर अन्य व्यक्ति मौजूद था। जब वह पैसे निकलवाने लगा तो अज्ञात ने उसका पिन कोड देख लिया और उसे बातों में उलझा कर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। आरोपी ने उसके अकाउंट से एक लाख 46 हजार रुपये निकाल लिए।

## युवक ने मां-बेटी के साथ की मारपीट

**यमुनानगर।** शहर की रणजीत गार्डन कॉलोनी में एक युवक ने मां बेटी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रणजीत गार्डन ससौली निवासी लक्ष्मी ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गत चार मार्च को अपनी बेटी 13 वर्षीय जिज्ञासा के साथ किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उनकी कालोनी के ही ललित ने उन दोनों को रास्ते में रोक लिया और उन पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में वह दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी ललित के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।




- साढ़े तीन क्विंटल डोडा चूरापोस्त और एक बंद बॉडी ट्रक बरामद

**शहजादपुर।** चूरापोस्त के साथ काबू आरोपी।

## 'ऑपरेशन मैदान': पुलिस की कार्रवाई नशीले पदार्थों सहित तीन तस्कर काबू

**शहजादपुर।** अभियान 'ऑपरेशन मैदान' के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद कर तीन आरोपियों को काबू किया है। पहला मामले में पुलिस ने साढ़े तीन क्विंटल डोडा चूरापोस्त सहित ट्रक जब्त। साथ ही एक एक आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए साहा-पंचकुला हाईवे के नजदीक, गांव कडासन के पास एक बंद बॉडी ट्रक को सूचना के आधार पर कब्जे में लिया। जांच करने पर ट्रक के भीतर से 17 कट्टों में भरा हुआ कुल 341.904 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है जिसकी पहचान योगेश कुमार निवासी गांव पसियाला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### 17 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

एक अन्य मामले में एएनसी टीम ने एक और नशा तस्कर को दबोचा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मानव चौक के पास से अभिषेक उर्फ कालिया को 17 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने साफ किया है कि जिले में नशा तस्करों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## महिला को बातों में उलझा कर ठगे सोने के टॉप्स

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव सुंदरपुर में दो युवकों ने महिला को बातों में उलझा कर उससे सोने के टॉप्स ठग लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सुंदरपुर निवासी मोमिना ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि आठ जून को सुबह 10 बजे वह अपने घर पर काम कर रही थी। इस दौरान उनके घर पर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसे बातों में उलझा लिया। इस दौरान आरोपियों ने उसे कानों में डाले सोने के टॉप्स देने को कहा। वह आरोपियों की बातों में आकर उनको सोने के टॉप्स दे दिए। इसके बाद आरोपी उसके सोने के टॉप्स लेकर मौके से फरार हो गए। आरोपियों के जाने के बाद उसे जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने घटना के बारे पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मटक माजरी गांव के पास पनप रही अवैध कॉलोनी में चलाया पीला पंजा

*कॉलोनी में सभी कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

जिला योजनाकार विभाग द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की अगुवाई में इंद्री अर्बन एरिया में एक अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। यह अवैध कॉलोनी गांव मटक माजरी के पास स्थित थी। जिसका एरिया लगभग 1 एकड़ था। इस कॉलोनी में सभी कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण करने वाले की लगातार एफआईआर भी करवाई जा रही है। जिला नगर योजनाकार द्वारा समय-समय पर सभी को सूचित भी



इंद्री। अवैध कॉलोनी मे कच्ची सड़कों को ध्वस्त करती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

किया जा रहा है कि यदि कोई भी अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण को बढ़ावा देगा। उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए सभी तरह की कार्रवाई की जा रही है व अवैध कॉलोनियों अवैध निर्माण के लिए किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने आम जनता से एक बार फिर अपील की गई है कि वे डीलरों के जाल में न फंसें और शहर में बनी वैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीद कर अपना घर बनाएं।

साथ ही डीलरों से अपील की गई है कि वे टाउन व कंटरी प्लानिंग हरियाणा, चण्डीगढ़ से लाइसेंस लेकर कॉलोनी विकसित करें ताकि आम जनता को उसका फायदा मिल सके।

## प्रेम विवाह करने वाले युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**यमुनानगर।** शहर के कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी युवक ने पत्नी से हुए विवाद के कुछ ही समय बाद अपने किराए के मकान में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दो बच्चों का पिता था और करीब 9 साल पहले उसने प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि मृतक घरेलू कलह और आर्थिक तंगी से परेशान था। कृष्णा नगर निवासी 34 वर्षीय संदीप ने नौ वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद उनके पास दो बच्चे हुए। संदीप दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। मृतक के ससुर जानेश्वर ने बताया कि मंगलवार शाम उनकी बेटी का फोन आया था। संदीप ने उसके साथ मारपीट की है। जिसके बाद वह घर छोड़कर बाहर आ गई है। उन्होंने बेटी को पहले अपने सास-ससुर से बात करने की सलाह दी थी। कुछ समय बाद संदीप के पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि वह घर का दरवाजा नहीं खोल रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। गेट से अंदर झांककर देखा तो संदीप कमरे में फंदे से लटका हुआ था।

- घरेलू कलह और आर्थिक तंगी से परेशान था मृतक

*मारपीट और तेजाब फिंकवाने की धमकी का लगाया आरोप*

# किन्नरों के दो गुटों में विवाद

- पुराने बस स्टैंड पर पैसे मांगने और एरिया को लेकर हुआ झगड़ा, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल शहर के पुराने बस स्टैंड पर किन्नरों के दो गुटों के बीच पैसे मांगने और क्षेत्र को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। विवाद के दौरान मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



जलमाणा निवासी पूजा और धक्का बस्ती निवासी काबी ने आरोप लगाया कि पुराने बस स्टैंड पर रेणु किन्नर और सिमरन किन्नर ने उनके साथ हाथापाई और मारपीट की। उनका कहना है कि विवाद पैसे मांगने और एरिया को लेकर हुआ।

पूजा ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने लड़कों को बुलाकर चेहरे पर तेजाब फिंकवाने और हमला करवाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि इससे वे डरे हुए हैं और पुलिस से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। पूजा का कहना है कि वे करनाल की रहने वाली हैं, जबकि हमलावर उत्तर प्रदेश के हैं और बहरूपिया बनकर इलाके में वसूली कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि वे उत्तर प्रदेश के हैं तो वहीं जाकर बधाई मांगें। कोई भी एरिया किसी के नाम बंटा हुआ नहीं है। काबी किन्नर ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पहले भी उनके कमरे में घुसकर मारपीट की थी। इस बार भी उनके और उनके गुरु के साथ हमला किया गया, जिसमें उन्हें चोटें आई हैं। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने बहला फुसलाकर महिला के साथ किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने बहला फुसला कर महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पर महिला की अश्लील फोटो खींचने व पीछा कर परेशान करने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कालोनी निवासी 30 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी विकास कांबोज के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा और उसे अपनी बातों में उलझा लिया। एक मार्च 2025 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे एक घर में लेकर गया जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसका पीछा कर उसे परेशान करने लगा और उसे पर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उसकी असली फोटो खींच ली। जिसके माध्यम से आरोपी उसे ब्लैकमेल करता था। जब उसने आरोपी को ऐसा न करने से मना किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

- आरोपी पर अश्लील फोटो खींचने व पीछा करने का भी आरोप

## स्वनिधि महोत्सव में 54 पथ विक्रेताओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

नगर निगम कार्यालय में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वनिधि महोत्सव-लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 54 पथ विक्रेताओं ने भाग लिया। उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पथ विक्रेताओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 12 पथ विक्रेताओं को लेटर ऑफ रिकमेंडेशन (एलओआर) जारी किए गए, जिससे वे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण सुविधा प्राप्त कर सकें। वहीं, दो पात्र लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किए गए। इनमें वन नेशन वन राशन कार्ड, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,

- 12 विक्रेताओं को एलओआर दो को मिले क्रेडिट कार्ड



प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना शामिल हैं।

उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। नगर निगम का प्रयास है कि अधिक से अधिक पथ विक्रेता इस योजना से जुड़कर स्वरोजगार को मजबूत करें।

## नीट परीक्षा के लिए हाई लेवल मीटिंग, एडीसी बने ओवरऑल इंचार्ज

# नीट की परीक्षा कराने को पानीपत प्रशासन ने कमर कसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर बुधवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इस परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। उपायुक्त डॉ. वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उच्च स्तरीय निर्देशों के तहत परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियों पर ध्यान दिया जा रहा है। डीसी डॉ. वशिष्ठ ने नीट परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे




पानीपत। नीट की परीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ।

को ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जो सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। इधर, प्रशासन द्वारा गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति को भी सक्रिय कर दिया गया है। समिति परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक कंट्रोल, तथा आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी सो एस ओपी को फॉलो करें।

### इन स्कूलों में बनाया सेंटर

नीट की परीक्षा के आयोजन के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, गांव बिहोली, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीटी रोड, पानीपत, एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन, जीएसएसएस, तहसील कैंप, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, हुडा सेक्टर-18, जीएसएसएस, गांव सिवाह को सेंटर बनाया है। वहीं, इन परीक्षा केंद्रों में 2686 परीक्षा देंगे। परीक्षा का समय दोपहर बाद 2 बजे से 5 बजे तक रहेगा, जबकि परीक्षा केंद्रों में एंट्री 11 बजे से 1.30 बजे तक रहेगी।

## खबर संक्षेप

### बाबा बंदा वीर बैरागी का शहीदी दिवस मनाया

**करनाल।** हरियाणा बैरागी सभा की ओर से सेक्टर-12 स्थित बाबा लक्ष्मण दास बैरागी डेरा में बाबा बंदा वीर बैरागी का शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान प्रवीण बैरागी सामभली ने की। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बाबा बंदा वीर बैरागी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान राजपाल बैरागी, उपप्रधान ओमपाल, सचिव जय भगवान, बाबूराम, विक्रम बैरागी, प्रवीन डिग, अश्वनी बैरागी, ऋषि बैरागी, राजेश, संदीप, राजवीर और सोमदत्त सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष प्रवीण बैरागी ने कहा कि बाबा बंदा वीर बैरागी का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन जयघोष के साथ हुआ।

### निशान यात्रा आज निकाली जाएगी



**तरावड़ी।** एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर श्री श्याम सेवादार मंडल द्वारा शहर में भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 11 जून को दोपहर 3:30 बजे नगर खेड़ा से प्रारंभ होकर श्री खाटू श्याम मंदिर नत्था सिंह नगर तक पहुंचेगी। इस दौरान श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर भक्ति भाव से शहर की प्रमुख सडक़ों से गुजरेंगे। यात्रा का मार्ग बाजार, नगर पालिका रोड और करनाली गेट से होते हुए मंदिर तक निर्धारित किया गया है। ईश्वर जांगड़ा, सुनील दुआ ने बताया कि यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में भव्य बाबा श्याम कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भजन संध्या के माध्यम से भक्तों को सराबोर किया जाएगा।

### पेपर लीक से युवाओं के सपनों पर पड़ रहा असर

**करनाल।** हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान सोमिल संधू ने कहा कि पेपर लीक माफियाओं का नेटवर्क युवाओं के भविष्य और सपनों को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है और वे सड़कों पर उतरने को मजबूर हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी नीट घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग करती है तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां दूर करने के निर्देश

करनाल। नगर निगम करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने निगम कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान संपत्ति कर, प्रॉपर्टी आईडी, सफाई, सड़क, सीवरेज तथा अन्य नगर निगम संबंधी शिकायतें सामने आईं। महापौर ने संपत्ति कर शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित त्रुटियों को निर्धारित समय के भीतर ठीक किया जाए, ताकि नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## केसीजीएमसी में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

# योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : महापौर रेणु बाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- कार्यक्रम के दौरान योग जागरण यात्रा भी निकाली गई

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग हरियाणा, हरियाणा योग आयोग तथा कल्पना चावला राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को महाविद्यालय परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शिरकत कर दीप प्रज्वलित करते हुए शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर और सांसद एवं केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान योग जागरण यात्रा भी निकाली गई। महापौर ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। नियमित योगाभ्यास तनावमुक्त, ऊर्जावान और निरोगी जीवन जीने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज भारत योग के माध्यम से पूरे विश्व को शांति और कल्याण का संदेश दे रहा है।




करनाल। योग जागरण यात्रा किलते हुए। फोटो : हरिभूमि

### लोकतांत्रिक इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता और भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लंबे कार्यकाल को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय बताया है। संयुक्त वक्तव्य में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री के अभिनंदन को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। पिछले वर्षों में आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण योजनाओं और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के माध्यम से देश की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है। उनके अनुसार यह कार्यकाल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा।

# भाजपा अर्बन मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर मंथन

- मन की बात कार्यक्रम और पौधरोपण अभियान में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेक्टर-6 स्थित सामुदायिक केंद्र में भाजपा अर्बन मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में हरको बैंक के नवनियुक्त चेयरमैन एवं करनाल जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें नवदायित्व की शुभकामनाएं दीं। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना ने की।

बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों तथा भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सशक्त बनाने के लिए पूर्ण समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना ने बताया कि मासिक बैठकों की श्रृंखला के तहत करनाल विधानसभा के अर्बन मंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर की बैठकों की रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सुनने और शत-प्रतिशत सरल ऐप पर अपलोड करने पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।




# रचना को अध्यक्ष, प्रिंसी को सचिव पद की जिम्मेदारी

- भारत विकास परिषद कर्ण शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद कर्ण शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह भव्य एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेणु भाटिया, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर रेणु बाला गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मेघा भंडारी, भाविप हरियाणा (उत्तर) के अध्यक्ष कपिल गुप्ता एवं महासचिव अतुल गोयल उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि रेणु भाटिया ने नई टीम को प्रेरित करते हुए कहा कि दायित्व ग्रहण केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज सेवा के प्रति समर्पण का संकल्प है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि कर्ण शाखा ने अपने सेवा कार्यों से समाज में विशिष्ट पहचान बनाई है। कपिल गुप्ता ने निवर्तमान अध्यक्ष ज्योति चौधरी, सचिव स्वतंत्र कुकरेजा एवं कोषाध्यक्ष रोशन आर्य को सफल कार्यकाल के लिए सम्मानित किया। वहीं, अतुल गोयल ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। नई टीम में रचना चौधरी ने अध्यक्ष, प्रिंसी चौहान ने सचिव, वंदना गुलाटी ने कोषाध्यक्ष तथा भावना कपूर ने महिला सहभागिता प्रमुख के रूप में दायित्व ग्रहण किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कपिल अत्रेजा, नीरज गर्ग, अशोक महेंद्रू, डॉ. सुमित खंडूजा, रणदीप चौहान, प्रियंका भारद्वाज, आशीष पसरीचा, प्रणव जावा, अभय अरोड़ा, भीम सिंह, संकेत सिन्हा, अजय आर्य, शिव चुग, सुरिंदर भारती, ऋषि नागपाल, कमल गुप्ता, राजेश नागपाल, रमन अरोड़ा एवं संजय बिदानी आदि उपस्थित रहे।

# किराएदार बनकर बुजुर्ग महिला से की ठगी, केस

- घर का एसी बेचने और सीसीटीवी डीवीआर गायब करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के सेक्टर-7 में एक बुजुर्ग महिला के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को किराएदार बताकर महिला का विश्वास जीता और धीरे-धीरे नकदी तथा चेक के माध्यम से हजारों रुपये हड़प लिए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के बेटे मोहित ने बताया कि 18 मई को उनकी माता का फोन आया था। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति मकान किराए पर लेने आया है। इसके बाद माता ने उस व्यक्ति से उनकी बात करवाई। पूछने पर उसने अपना नाम अनिल शर्मा बताया और कहा कि वह पहले सेक्टर-32 में रहता था, लेकिन वहां से मकान खाली कर चुका है। मोहित ने उसकी पहचान के लिए परिवार के पहचान पत्र व्हाट्सएप पर मंगवाए, जिसके बाद मकान किराए पर दे दिया गया। अगले ही दिन आरोपी ने अपनी बेटी की बीमारी का हवाला देते हुए 10 हजार रुपये मांगे, लेकिन उन्होंने देने से मना कर दिया। इसके बाद 20 मई को आरोपी ने उनकी माता से 50 हजार रुपये नकद ले लिए। बाद में अलग-अलग समय पर 10-10 हजार रुपये और लिए, जिससे कुल 70 हजार रुपये हो गए।

# पीएम नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए किया हवन

- बैठक में भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीतियों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक गौरव पर मधुबन मण्डल के बसताड़ा गांव में बुधवार को मासिक बैठक हुई। बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हवन यज्ञ किया गया। मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, देवेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, मण्डल प्रभारी उषा पांचाल, महामंत्री सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, जिला कार्यकारणी सदस्य राजेश जोगी, मीडिया प्रभारी संदीप लोहट, कैशियर मनजीत वशिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष संजय राणा ने बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीतियों पर चर्चा करते हुए अपने विचार साझा किए।



## अभियान के तहत किसानों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

# संतुलित उर्वरक प्रयोग से बढ़ेगी मिट्टी की सेहत

- गांव कबूलपुर खेड़ा और फफड़ाना में किसान जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र उचानी द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से 'खेत बचाओ अभियान' के तहत असंध ब्लॉक के गांव कबूलपुर खेड़ा और फफड़ाना में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'फसलों में उर्वरकों का संतुलित प्रयोग' रहा।

कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक खेती, उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग तथा कृषि आधारित उद्यमों के माध्यम से आय बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र उचानी के जिला विस्तार विशेषज्ञ (फार्म प्रबंधन) डॉ. विजय कुमार कौशिक ने कहा कि किसानों को कृषि विश्वविद्यालय की अनुशंसित मात्रा के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से उत्पादन में अपेक्षित वृद्धि नहीं होती, जबकि खेती की लागत बढ़ जाती है। उन्होंने किसानों से जैविक एवं प्राकृतिक उपायों को अपनाकर भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अत्यधिक उर्वरक प्रयोग मिट्टी की भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणवत्ता को प्रभावित करता है, जिससे भविष्य में उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों को डेयरी फार्मिंग, मछली पालन, झींगा पालन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन तथा कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन जैसे कृषि आधारित व्यवसाय अपनाने की सलाह दी। उन्होंने धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) तकनीक को जल संरक्षण, श्रम लागत में कमी और समय की बचत के लिए उपयोगी बताते हुए इसे अपनाने का सुझाव दिया। वैज्ञानिकों ने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया। जबकि कृषि विभाग से एटीएम रवि राणा ने किसानों को प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया।




### पेयजल का दुरुपयोग करने पर होगी कार्रवाई

**करनाल।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम करनाल ने शहरवासियों से पेयजल के संरक्षण और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की है। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में इसकी बर्बादी रोकना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि कई लोग वाहनों की धुलाई, सड़कों पर पानी का अनावश्यक छिड़काव और अन्य गैर-जरूरी कार्यों में पेयजल का उपयोग करते हैं, जिससे कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति प्रभावित होती है। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने कहा कि जल संरक्षण केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। घटते भूजल स्तर और बढ़ती गर्मी के कारण जल स्त्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है। यदि समय रहते पानी की बचत नहीं की गई तो भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो सकता है।

## न्यूज डायरी

### प्रवीण कुमार वर्मा बने सुनार संघ के जिलाध्यक्ष



**करनाल।** सुनार संघ, हरियाणा (शाखा करनाल) की कार्यकारिणी का चुनाव गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यह चुनाव प्रदेशाध्यक्ष जय भगवान वर्मा (राहड़ा) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अर्जुन सिंह वर्मा (इन्द्री) को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। चुनाव अधिकारी की देखरेख में समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों ने एक मत होकर प्रवीण कुमार वर्मा को सुनार संघ करनाल का नया जिलाध्यक्ष चुना। इसके साथ ही, समाज की एकता और पिछले कार्यों को देखते हुए रजेश कुमार वर्मा के नाम पर पुनः सहमति जताते हुए उन्हें एक बार फिर महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद उपस्थित समाज के लोगों को कहा कि समाज ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। हमारा मुख्य उद्देश्य समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाना और आपसी एकजुटता व भाईचारे के प्रयासों को लगातार जारी रखना है।

### कोयर में फिरनी एवं राजपूत चौपाल का शिलान्यास



**तरावड़ी।** नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने गांव कोयर में फिरनी एवं राजपूत चौपाल के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया और क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। फिरनी के निर्माण से गांव के आवागमन में सुविधा मिलेगी, जबकि राजपूत चौपाल सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांवों में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा जनता की आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और मांगों से भी विधायक को अवगत कराया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने सभी से गांव के विकास में सहयोग करने और स्वच्छ एवं सुंदर गांव बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### ग्रामीण चौकीदार सभा ने की खंड स्तरीय बैठक




**इंद्री।** हर्बल पार्क इंद्री में ग्रामीण चौकीदार सभा की खंड स्तरीय बैठक ब्लाक प्रधान जरनैल सिंह की अध्यक्षता में हुई । मीटिंग का संचालन मदन कलरा ने किया। बैठक मे ब्लॉक प्रधान जरनैल सिंह ने कहा कि ग्रामीण चौकीदार सरकार द्वारा जारी की जा रही लाभकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते है। चौकीदार गांव में 24 घंटे के लिए अपनी कार्य सेवा देते है। उन्होंने बताया कि इस महंगाई में सरकार द्वारा चौकीदारों को 11 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जा रहा है जोकि आज की महंगाई में बहुत कम है। इतने पैसों से परिवार का गुजारा करना अति मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चौकीदारों की वेतन बढ़ोतरी की मांग कई बार की गई है लेकिन सरकार चौकीदारों की मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होने कहा कि हमारी मुख्य मांगों में माननीय उच्च न्यायालय के फैसले को लागू किया जाए, चौकीदारों को पक्का किया जाए और तब तक 30 हजार रुपए न्यूनतम वेतन दिया जाए, ग्रामीण चौकीदारों को ईएसआई का लाभ दिया जाए, चार लेबर कोड रद्द करने, हर महीने 7 तारीख तक मानदेय भुगतान किया जाए। सेवानिवृत्ति राशि 5 लाख रुपए की जाए, अचानक चौकीदार की मृत्यु पर परिवार को 10 लाख रुपए सहायता दी जाए, खाली पदों को भरा जाए। राज्य कमेटी में लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश भर में उपायुक्त की मार्फत मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र दिया जाएगा और इसी के चलते 15 जून को फव्वारा पार्क करनाल में ग्रामीण चौकीदार अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त को मांग पत्र देगें। इस मौके पर मामुराम, महिन्द्र सिंह व शुभम सिंह आदि मौजूद रहे।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने बैठक में की चर्चा

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक घरौंडा इकाई की बैठक हर्बल पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिले सिंह ने की, जबकि संचालन खंड सचिव ओमदत्त ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से डॉ. रणदीप श्योराण, महा सिंह, ऋषिपाल राणा और बलराज सिंह उपस्थित रहे। डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. ईश्वर सिंह, ईश्वर धीमान तथा राजेंद्र शर्मा ने सामाजिक सरोकारों और संगठन हित से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर बलराज सिंह और डॉ. रणदीप श्योराण ने पेंशन संबंधी विषयों के अतिरिक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करने तथा बुजुर्गों की खेल प्रतियोगिताएं करवाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सदस्यता अभियान को गति देने, साथियों के लंबित मामलों को लिखित रूप में एकत्रित करने और उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास करने पर सहमति बनी। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र सिंह, ईश्वर दहिया, राजेंद्र शर्मा, ईश्वर धीमान, रामदिया, कृष्ण, रामदिया हुड्डा, रामकिशन, ओमप्रकाश, मेहर सिंह, ताराचंद, कृष्णचंद, रामप्रकाश, सतपाल, महा सिंह, राजपाल सिंह, ऋषिपाल राणा, राजबीर सिंह और सुल्तान सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### धान की खेती, मृदा संरक्षण और पशुपालन पर मंथन

**करनाल।** किसान वेलफेयर क्लब की ओर से बुधवार को डीडीए कार्यालय में किसान विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईलम सिंह गोरसी ने की। संगोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को धान की खेती, मृदा संरक्षण, पशुपालन तथा बागवानी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। क्लब के प्रदेश महासचिव विजय कपूर ने धान की रोपाई की तैयारियों को लेकर किसानों को आवश्यक सुझाव दिए। मुख्य सलाहकार डॉ. धर्मवीर सतीजा ने बताया कि इस बार मानसून के दौरान औसत से कम वर्षा होने की संभावना है। एरीज एग्रो के विशेषज्ञ डॉ. अश्वनी सैनी और डॉ. नवीन नांदल ने धान सहित अन्य कृषि, बागवानी और पशुधन क्षेत्र में सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए एग्रोमिन, फैरोमैग, फैरोमिक्स, मेजरसोल, चेलमीन और प्लांटोमाइसिन जैसे उत्पादों के उपयोग की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान एरीज एग्रो के सहयोग से क्लब की ओर से प्रगतिशील किसान पुरस्कार प्रदान किए गए। भार्गव, तेजपाल सिंह चौहान, शामलाल चेची, चरण सिंह, कर्नल संदीप कपूर, प्रेम सिंह राणा, रखपाल सिंह राणा, जगत सिंह मोर, हंसराज नागपाल और सुदेश नरवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### पौधरोपण और रक्तदान से दिया सेवा का संदेश

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस कार्यालय परिसर में पौधारोपण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि शिविर में 25 युवाओं ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया। इस अवसर पर सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया तथा फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। कुलबीर मलिक ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पौधारोपण पर्यावरण को हरा-भरा और स्वस्थ बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण का सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर या आसपास कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा।

## खबर संक्षेप

### राजपूत समाज की बैठक में संगठन पर चर्चा

**पानीपत।** राजपूत धर्मशाला में महाराणा प्रताप क्षत्रिय सभा की बैठक अध्यक्ष ओंकार राणा की अध्यक्षता में हुई। राजपूत सभा के प्रधान सुरेश राणा, सतपाल राणा, यशपाल राणा ददलाना आदि ने संयुक्त रूप से कहा है कि हरियाणा सरकार में राजपूतों को उचित स्थान दिया जाए।

### जिला कारागार में रक्तदान शिविर एवं समारोह 14 को

**कुरुक्षेत्र।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून 2026 को जिला कारागार कुरुक्षेत्र में विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे आरंभ होकर दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने तथा मानव सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रक्तदाताओं और समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक एवं रक्तदान अभियान के अग्रणी राष्ट्रपति पुलिस पदक, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा अब तक 183 बार रक्तदान, 89 बार प्लेटलेट्स दान एवं 1 बार प्लाज्मा दान कर चुके हैं। भारत भर की पुलिस के सर्वोच्च रक्तदाता होने का गौरव प्राप्त है।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाइयों ने किया हवन

# सेवा व सुशासन का स्वर्णिम युग है मोदी सरकार: मेयर

**विकसित भारत की नींव रख चुके हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : दुष्यंत भट्ट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्षद आदि हवन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पानीपत की मेयर कोमल सैनी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 11 स्थित अवध धाम मंदिर में वैदिक हवन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र की उन्नति, प्रदेश की समृद्धि, नागरिकों के सुख-समृद्ध जीवन तथा विकसित भारत के निर्माण हेतु विशेष प्रार्थना की गई। वहीं, मेयर कोमल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, जनकल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल क्रांति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। यह कालखंड देश के इतिहास में जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। इधर, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि यह 12 वर्ष केवल उपलब्धियों का विवरण नहीं बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के सपनों को साकार करने की यात्रा है। गरीब, किसान, युवा, महिला, व्यापारी और श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों ने समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया है। इस अवसर पर पार्षद अंजना गुर्जर, नवल जिंदल, कमल अरोड़ा, रोकी गहलोत, डॉ गौरव श्रीवास्तव, वेद पाराशर, भावना जैन, प्राण रत्नाकर, हिमांशु कटारिया, अमित मक्कड़, रामकुमार सैनी, पवन सैनी, प्रीतम गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# एसपी भूपेंद्र सिंह ने गुम हुए 47 मोबाइल ट्रेस कर मालिकों को सौंपे

- पानीपत साइबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर हिमांशु की टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह, नागरिकों को उनके मोबाइल सौंपते हुए।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की साइबर सेल टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन का सर्च अभियान चलाकर लोगों के 11 लाख रूपए कीमत से अधिक के गुम हुए 47 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया है। वहीं, एसपी सिंह ने बुधवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में मोबाइल के मालिकों को बुलाकर उन्हें उनका मोबाइल फोन सौंपा, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। इसके लिए सभी ने पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस भी मौजूद रहे। वहीं, एसपी सिंह ने बताया कि लोगों ने गुम हुए अपने मोबाइल फोन की शिकायत हर समय पोर्टल व साइबर सेल में की हुई थी। पानीपत साइबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर हिमांशु की टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद किया।

### कथा के 25वें दिन भक्ति का संदेश दिया

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन में चल रही पुरुषोत्तम मास कथा के 25वें दिन कथा वाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने भगवान विष्णु और हिरण्यकशिपु के प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संजय भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



पानीपत। पीएनबी आरसेटी के नवनियुक्त निदेशक दिलबाग सिंह का स्वागत करते हुए बैंक अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### पीएनबी आरसेटी के निदेशक बने दिलबाग

**पानीपत।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) को नया नेतृत्व मिल गया है। दिलबाग सिंह ने संस्थान के निदेशक के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान के सहायक अनिल कुमार व नरेंद्र मलिक ने बुके भेंट कर नए निदेशक का स्वागत किया। वहीं, नवनियुक्त निदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले के ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को रोजगारपरक तथा गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने कहा कि पीएनबी आरसेटी पानीपत भारत सरकार एवं पंजाब नेशनल बैंक द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### एआई प्लस स्मार्टफोन ने नोवा टू नियो और प्रो की लॉन्च को ओपन ट्रायल में बदला

**पानीपत।** भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल करते हुए एआई प्लस स्मार्टफोन ने घोषणा की है कि वह अपने आगामी नोवा टू नियो और नोवा टू प्रो स्मार्टफोन को बिक्री शुरू होने से पहले ही देशभर के रिव्यूअर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, पत्रकारों और टेक्नोलॉजी समुदाय के सदस्यों को उपलब्ध कराएगा, ताकि वे इन डिवाइसेज़ की खुलकर समीक्षा कर सकें और अपनी निष्पक्ष राय दे सकें। सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के संस्थापक माधव शेठ ने देते हुए कहा कि ऐसे समय में जब प्रोडक्ट लॉन्च के साथ अक्सर पहले से तय और नियंत्रित संदेश पेश किए जाते हैं, एआई प्लस एक अलग सोच के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें लॉन्च के दिन की मार्केटिंग से ज्यादा उपभोक्ताओं के हित को प्राथमिकता दी जाती है।

# जिले में राजाखेड़ी गांव का मॉडल संस्कृति स्कूल रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत




पानीपत। गांव राजाखेड़ी का मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

जिला पानीपत के मॉडल संस्कृति स्कूलों में से गांव राजाखेड़ी के मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को अव्वल घोषित किया गया है। प्रथम स्थान पर इस स्कूल का चयन हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जारी व्यापक मापदंडों के आधार पर अधिकारियों की एक कमेटी ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल ने इस उपलब्धि के लिए प्रिंसिपल सुमित्रा सांगवान व स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं व बधाई दी है। प्राचार्या सुमित्रा सांगवान ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना द्वारा व्यापक मापदंडों के आधार पर पांच अधिकारियों अतिरिक्त उपायुक्त, एसडीएम समालखा, एसडीएम इसराना, जिला शिक्षा अधिकारी व मौलिक शिक्षा अधिकारी की कमेटी ने मूल्यांकन किया जिसमें से उनके स्कूल को 400 में से 250.50 अंक दिए गए। वहीं, इस स्कूल का नाम अब स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित समारोह में सम्मान के लिए प्रेषित किया जाएगा। अगले चरण में मंडल स्तर पर और फिर राज्य स्तर पर चयन किया जाएगा।

# पानीपत को विकसित जिला बनाएंगे : उपायुक्त वशिष्ठ

- जिला परिषद विकास कार्यों को गति दें अधिकारी, जनहित सर्वोपरि रखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत




पानीपत। जिला परिषद अध्यक्ष आदि, उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ को बुके भेंट करते हुए।

निर्विरोध निर्वाचित जिला परिषद सदस्य वार्ड तेरह शिखा रानी को बुधवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विदित रहे कि पानीपत को राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जिला परिषद पानीपत के वार्ड नंबर-13 से निर्विरोध निर्वाचित सदस्य घोषित किया गया था। निर्वाचन के उपरांत जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विधिवत पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। वहीं, डॉ वशिष्ठ ने कहा कि जिला परिषद ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है, सभी पार्षदों को आपसी समन्वय, सहयोग और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना चाहिए ताकि विकास योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। इस अवसर पर जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण, जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, डीडीपीओ राजेश शर्मा सहित जिला परिषद के पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




पानीपत। कांग्रेस ग्रामीण जिला की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रमेश मलिक।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल : मलिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत (ग्रामीण) की मासिक बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष रमेश मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी पार्टी कार्यक्रमों एवं जनहित अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र एवं संविधान की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस एक-एक वोट की रक्षा करेगी। न तो किसी पात्र मतदाता का वोट कटने दिया जाएगा और न ही किसी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ने दिया जाएगा।" उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाता सूचियों का सत्यापन करने तथा एसआईआर अभियान को गंभीरता से लेते हुए संगठन को गांव-गांव एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर जनता की सेवा करने में विफल साबित हो चुकी है।

### पानीपत से लापता युवती का शव नहर से बरामद

**सोनीपत।** गांव किलोहडद के पास पश्चिमी यमुना लिंक नहर से युवती का शव बरामद किया है। पुलिस जांच के बाद देर शाम पता लगा कि युवती पानीपत से लापता हुई थी। मामले को लेकर युवती के पित ने पानीपत में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज करा रखी है। मामले में पानीपत पुलिस कार्रवाई करेगी।सदर थाना पुलिस को गांव किलोहडद के पास पश्चिमी यमुना लिंक नहर से एक युवती का शव बरामद किया। मामले की जांच अधिकारी रविता ने शव की पहचान की कोशिश शुरू कर दी। इसके लिए पानीपत व करनाल पुलिस से संपर्क किया गया। बुधवार देर शाम पुलिस को जानकारी मिली कि पानीपत के पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र से युवती लापता है। युवती सोनम देवी (18) 8 जून की रात से लापता है। परिवार ने मंगलवार तड़के चार बजे उठकर देखा तो युवती घर पर नहीं मिली थी।



पानी। पानीपत के तहसील कैंप के पटेल नगर में जल सेवा करते बच्चें।

# बच्चों ने भीषण गर्मी में पिलाया मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए वार्ड चार के पटेल नगर तहसील कैंप में बच्चों ने छाबील लगाकर राहगिरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया। वहीं, बच्चों ने बडी संख्या में बाइक सवारों, ई रिक्शा सवारों और पैदल आ रहे हैं लोगों को रोक रोक कर ठंडा मीठा पानी पिलाया। राहगीरों ने ठंडा मीठा पानी पीकर राहत प्राप्त की और बच्चों की सेवा की जमकर तारीफ की। बच्चों ने रागिरो को पानी पिलाने के बाद सड़कों पर बिखरे डिस्पोजल गिलासों को भी सड़क से इकठ्ठा कर कूड़े दान में डाला। इस मौके पर तन्मे, दिव्यास, ध्रुवी बच्चे उपस्थित रहे।

गणमान्य लोगों की उपस्थित में हुआ गंगा ग्रुप के माई जिम का शुभारंभ

# इंसान का पहला सुख है निरोगी काया : डॉ. नैन

- प्रति दिन व्यायाम करने से शरीर रहता है निरोगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत




पानीपत। गंगा ग्रुप से डॉ नवीन नैन भालसी, माई जिम के उद्घाटना समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए।

गंगा ग्रुप की इकाई माई जिम के भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन ग्राम भालसी स्थित गंगा हैचरीज परिसर में हुआ। वहीं, कार्यक्रम के आयोजक डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि प्रति दिन व्यायाम करने से शरीर निरोगी रहता है, वहीं निरोगी काया इंसान का पहला सुख है। इस अवसर पर बिनैण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सर्वजातीय प्रधान चौधरी रघुबीर सिंह नैन, भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी जोगिंदर सिंह नैन, एवीपीएल इंटरनेशनल के स्थापक निदेशक डॉ. दीप सिहाग सिसाय, गायक व अभिनेता बिंदर दनौदा, मनीष मस्त, केडी देसी रॉक, खासा अला चाहर, अंशु राणा, एंडी जाट, बिजेंद्र नैन, मिस्टर वर्ल्ड चैंपियन विपनेश चौधरी, मिस्टर इंडिया पवन जाखड़, इंटरनेशल कबड्डी खिलाडी रिंकू खरेटी, एमएसयय जादूगर सम्राट, घणघस खाप के अध्यक्ष जगदीप घणघस, मान खाप से नफे सिंह मान सहित अनेक प्रसिद्ध हस्तियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या कर मांस पकाकर खाया

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा में रेलवे फाटक के पास से भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर के कटे हुए पंख, हड्डियां और अन्य अवशेष बिखरे देख स्थानीय निवासी नरेश ने पुलिस को सूचना दी। वहीं, आशंका जताई जा रही है रेलवे फाटक के पास झुग्गी-झोपड़ी में निवास कर रहे लोगों ने कथित रूप से मोर की हत्या की और उसका मांस पका कर खा लिया। जबकि मोर के कटे हुए पंख, हड्डियां और अन्य अवशेष फैंक दिए। इधर, थाना मतलौडा पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और मोर के पंखों और अवशेषों को केस की जांच के लिए इंपाउंड किया। पुलिस ने वन्य जीव विभाग से भी जांच करवाई। इधर, थानेदार मतलौडा ने कहा कि मोर की हत्या के मामले की जांच की जा रही है, वहीं, दोषियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### अग्निशमन विभाग ने जांच शुरू की

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने आगजनी की घटनाओं के दृष्टिगत जिला पानीपत में स्थित हस्पताल, मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सैन्टर व स्कूलों में अग्निशमन विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की जांच करने के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि यह गंभीर विषय है जिसमें अग्निशमन अधिकारी निरीक्षण करके एक सप्ताह के अंदर निरीक्षण रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि में कुल कितने मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर, हस्पताल व स्कूल कार्यरत हैं, जिला में स्थित ऐसे कितने मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर, हस्पताल व स्कूल है जिनको अग्निशमन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है व कितने ऐसे मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर, हस्पताल व स्कूल है जिन्होंने अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया है और इस सम्बन्ध में अग्निशमन विभाग द्वारा क्या कार्यवाही अमल में लाई गई है। उन्होंने कहा कि आगामी एक सप्ताह में उक्त विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।

### योग दिवस पर विस अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ के दिशा-निर्देशन में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जिला भर में तैयारियां चल रही है। इसी को लेकर उन्होंने बुधवार को जिला सचिवालय में योग दिवस कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। वहीं, डीसी डॉ. वशिष्ठ ने बताया कि योग दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए 15 जून को प्रातः 6 बजे योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण उपस्थित रहेंगे। आगामी 20 जून को फाइनल रिहर्सल होगी।

### चार आरोपी भगोडे करार

पानीपत। पानीपत की न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की कोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों (एनआईसीटी) में आरोपियों एचडीएफसी बैंक बनाम सौरव केस में आरोपी सौरव निवासी बंसो गेट मीर सदन, करनाल, रामकली बनाम मैसर्स गुप्ता बिल्डर व अन्य केस में आरोपी प्रदीप कुमार व अजय कुमार और नदीम बनाम परवीन धीमान केस में आरोपी परवीन निवासी गांव अधमी जिला पानीपत के कोर्ट में पेश न होने पर उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया है। कोर्ट ने थाना सिटी को आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत नई एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

### पुलिस ने लाखों की चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** तहसील कैंप क्षेत्र के विजय नगर में एक सूने मकान से 8 लाख कैश व करीब 15 लाख रूपए कीमत के सोने चांदी के गहने करने के आरोपी रामस्नेह निवासी जावा कॉलोनी को सीआईए टू पुलिस टीम ने गिफ्तमार किया है। वहीं रामस्नेह को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे पूछताछ करने तथा चोरी की नकदी व गहने बरामद करने के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। स्मरणीय है कि चोरी के इस मामले में थाना तहसील कैंप में विजय नगर निवासी सन्नी पुत्र विजय की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नशा तस्कर 215 ग्राम चरस बरामद

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने चरण सिंह पुत्र निरंजन निवासी गांव गोयला कला जिला पानीपत को मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी से 215 ग्राम चरस बरामद की है और इसके खिलाफ थाना बापौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### पानीपत में होंगे विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**पानीपत।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 12 से 20 जून तक विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव ने इस कड़ी में प्रदेश के उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर तैयारी करने के निर्देश दिए। जबकि डॉ वशिष्ठ ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जाएंगे।

### लंबित शिकायतों को लेकर डीसी की बैठक

**पानीपत।** जिला पानीपत में लंबित राजस्व मामलों, सीएम विंडो शिकायतों तथा विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जिला सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ हरीश ने लंबित टोकन, नामांतरण (म्यूटेशन), सीमांकन (डिमार्केशन), ततीमा एवं भू-नक्शा, एग्रीस्टैक, राजस्व अभिलेखों के डिजिटलीकरण, लाल किताब व ततीमा फील्ड बुक के रखरखाव, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 के तहत लंबित मध्यस्थता मामलों, आधुनिक राजस्व रिकॉर्ड कक्ष, सीमा स्तंभ, राजस्व न्यायालयों के मामलों, जनगणना कार्य, समाधान शिविर शिकायतों, सीएम विंडो तथा जनसंवाद से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा की।

### क्रांतिकारी मुंडा को नमन किया

**पानीपत।** पानीपत के एनएफएल क्षेत्र के विकास नगर में परशुराम धर्मशाला भवन में महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का 127 वां बलिदान दिवस मनाया गया। वहीं, मुंडा को पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के जिलाध्यक्ष राजवीर शर्मा, कैप्टन जय भगवान, कप्तान राजेंद्र सिंह, कैप्टन राजवीर देशवाल आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**पानीपत।** ऐतिहासिक देवी मंदिर में आचार्य लालमणि पांडेय ने श्रीमद् भागवत कथा की। उन्होंने बताया कि कथा का समापन 14 जून को हवन यज्ञ एवं भंडारे के साथ होगा। इस अवसर पर महावीर बंसल, धनराज बंसल, शिवकुमार बंसल व मुकेश बंसल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### योग से शरीर होता है निरोग

**पानीपत।** पानीपत में दत्ता कॉलोनी में चल रहे निःशुल्क योग शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर बलवान सिंह, राममहेर कौशिक, तनु भारद्वाज, वंशिका, ममता, राजकुमार, हनी, जोगेंद्र कुमार, निर्मल सिंह सेन, प्रतिमा, रोहित एवं योग साधक उपस्थित रहे।

### चेतना शिविर संपन्न

**पानीपत।** श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा श्रीराम धर्मशाला में तृतीय निःशुल्क बाल संस्कार चेतना शिविर अभिनन्दन समारोह के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कनिका सचेदवा, मोहित मुटरेजा व सीए अनमोल बतरा रहे। कार्यक्रम में भूषण मदान, श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, यूथ विंग के प्रधान बंटी पुनानी व महिला विंग की प्रधान पायल वधवा, राकेश आंनद, तिलक राज छोकरा, राम स्वरूप चावला, गौरव छोकरा, पूर्व सरपंच सुंदर लाल वधवा, पूर्ण ईश पुनानी, अविनाश पुनानी, प्रिंस सोनी, नरेश आन्नद, गुलशन आनंद, हंस राज, पुनीत छौक्करा आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### कार्य प्रगति की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें : उपायुक्त

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत एक बैठक लेते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन घोषणाओं पर कार्य चल रहा है उसके कार्य की प्रगति की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाना सुनिश्चित करवाएं। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट, जो घोषणाएं किसी कारणवश पूरी नहीं हो सकती हैं उसकी भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 18 वर्ष से ऊपर के युवा बनवाएं वोट : अजय सिंह

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। ताकि वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण का कार्य हो सके। उपायुक्त ने बताया कि एक जुलाई 2026 को अर्हता तिथि मानकर जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है वह अपनी वोट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के दृष्टिगत 5 से 14 जून 2026 तक पुनरीक्षण अभियान की तैयारी, ट्रेनिंग व प्रिंटिग का कार्य किया जाएगा।

### मतदाता सूची पर बीएलओ को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**अंबाला।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल अधिकारियों तथा बीएलए-1 एवं बीएलए-2 के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एसडीएम दर्शन कुमार ने बुधवार को पंचायत भवन अंबाला शहर में आयोजित फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से बीएलओ, बीएलए 1 व 2 को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### बच्चे देश का भविष्य, सर्वांगिण विकास जरूरीः एसडीएम

**अंबाला।** एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों का सर्वागीण विकास बेहद जरूरी है। एसडीएम आज हरियाणवी लोक गीत वंदे मातरम गीतों पर आधारित कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व राज्य बाल कल्याण परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में लघु बाल भवन में आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहें थें।

### 72 गर्भवती महिलाओं की हुई प्रसव पूर्व जांच

**शहजादपुर।** गरिक अस्पताल नारायणगढ़ में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत 72 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, समय पर जोखिम की पहचान उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं को निशुल्क, स्वास्थ्य सेवाएं देना है।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप बाढ़ से निपटने के लिए दिए ठोस सुझाव

# बाढ़ के 'वार रूम' की स्थापना 'वार' से पहले हो बाद में नहीं: चित्रा सरवारा

**युवा नेत्री चित्रा बोली, बाढ़ से पहले सभी पम्पिंग स्टेशनों का पूर्व निरीक्षण, सर्विसिंग और तकनीकी परीक्षण किया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। एसडीएम को ज्ञापन देती टीम चित्रा। फोटो : हरिभूमि

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने अपने वरिष्ठ साथियों व मौजूदा व पूर्व सदस्यों के साथ मिलकर आगामी मानसून और संभावित बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए प्रशासन को समय रहते व्यापक एवं समन्वित तैयारी करने के लिए एसडीएम को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में अंबाला छावनी दो बार गंभीर बाढ़ की मार झेल चुका है, जिसमें व्यापक जान माल का नुकसान हुआ है। ऐसे में इस बार प्रशासन को केवल आपदा आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले सक्रिय होकर ठोस तैयारी करनी चाहिए। ज्ञापन में चित्रा की टीम की ओर से कई सुझाव दिया गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि अंबाला में तत्काल प्रभाव से एक एकीकृत बाढ़ नियंत्रण एवं समन्वय केंद्र (वार-रूम) स्थापित किया जाए यह केंद्र बाढ़ संबंधी सभी सूचनाओं,संसाधनों और राहत कार्यों का केंद्रीय संचालन बिंदु बने ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लिए जा सकें। सरवारा ने कहा कि आम नागरिकों की भागीदारी के बिना आपदा प्रबंधन की कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। इसलिए मानसून अवधि के लिए एक समर्पित जन-सूचना एवं शिकायत हेल्पलाइन शुरू की जानी चाहिए, ताकि नागरिक नालों में रुकावट, जलभराव, कूड़े के ढेर अथवा अन्य संभावित खतरों की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचा सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि टांगरी बांध एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास स्थित धर्मशालाओं, सामुदायिक भवनों और सार्वजनिक परिसरों को पहले से ही राहत एवं आश्रय केंद्रों के रूप में चिन्हित किया जाए। इन केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, पर्याप्त शौचालय, बिजली बैकअप तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पोर्टेबल शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**बाढ़ से ठप होती जल निकासी व्यवस्था**

चित्रा सरवारा ने कहा कि अक्सर बाढ़ की स्थिति में सबसे बड़ी चुनौती जल निकासी व्यवस्था के ठप होने से पैदा होती है। इसलिए सभी पम्पिंग स्टेशनों का पूर्व निरीक्षण, सर्विसिंग और तकनीकी परीक्षण किया जाए। बैकअप जनरेटर, अतिरिक्त मशीनरी तथा तकनीकी कर्मचारियों की चौबीस घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में व्यवस्था बाधित न हो। उन्होंने कहा कि जल निकासी स्थलों, नालों और पंपिंग स्टेशनों पर अतिरिक्त सफाई एवं रखरखाव कर्मियों की तैनाती भी आवश्यक है, जिससे अवरोधों को तुरंत हटाया जा सके और जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे। युवा नेत्री ने प्रशासन को सुझाव दिया कि बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए नावों, लाइफ जैकेटों तथा अन्य बचाव उपकरणों की अग्रिम व्यवस्था की जाए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में मॉक ड्रिल आयोजित कर लोगों को सुरक्षित निकासी मार्गों, राहत केंद्रों की जानकारी दी जाए।

**पिछले वर्ष देरी से शुरू किए गए थे वार रूम**

चित्रा ने एकीकृत बाढ़ नियंत्रण एवं समन्वय केंद्र (वार-रूम) की स्थापना, जन-सूचना एवं शिकायत हेतु विशेष हेल्पलाइन, राहत एवं आश्रय केंद्रों की पहचान एवं तैयारी, आश्रय केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था, सभी राहत केंद्रों पर करने साथ ही पंपिंग अवसंरचना को सुदृढ़ करना, सफाई एवं रखरखाव दलों की तैनाती, बचाव उपकरणों की अग्रिम व्यवस्था के साथ ही जन-जागरूकता एवं मॉक ड्रिल व पशुधन एवं पशु चिकित्सा तैयारी का आग्रह किया है। उन्होंने बाढ़ आने पर एकीकृत आपातकालीन हेल्पलाइन राहत सामग्री वितरण हेतु केंद्रीय समन्वय केंद्र, राहत शिविरों में स्वच्छता व्यवस्था, चिकित्सा सहायता एवं जनस्वास्थ्य सेवाएं व संवेदनशील वर्गों को प्राथमिकता देने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि वार रूम की स्थापना जल्द से हो जिसमें स्वास्थ्य विभाग,पशुपालन विभाग,नगर निकाय,आपदा प्रबंधन विभाग तथा सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हो। पिछली बाढ के दौरान वार रूम तब स्थापित किये गये जब वार शुरू होकर हारने के कगार पर थी। यदि समय रहते बहु-विभागीय योजना बनाकर कार्य किया जाए तो जन-धन की हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है।

## 20 जून तक चलाया जाएगा व्यापक स्वच्छता अभियान


अंबाला। वीसी के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

- मीडिया संवाद, जनसंपर्क व वृक्षा रोपण अभियान होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों 20 जून तक विशेष जनसंपर्क, जन कल्याण एवं स्वच्छता अभियान व्यापक स्तर पर आयोजित करने के निर्देश। उन्होंने अभियान के तहत विभिन्न विभागों के सौजन्य से किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बारे जानकारी देते हुए उसके सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विशेष जन सम्पर्क अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के लिए विभागों को पहले से ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित कुमार अग्रवाल ने भी इस अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बारे विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त ने प्रधान सचिव को आश्वस्त किया कि इस अभियान के तहत जो हिदायतें जारी की गई हैं उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्यों को किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। वीसी के उपरांत उपायुक्त ने अधिकारियों को बताया कि इस अभियान के तहत 20 जून तक विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में मीडिया संवाद, विशेष जन संपर्क अभियान, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, जन कल्याण शिविर, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, रोजगार मेले के साथ-साथ जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना शामिल है। बैठक में नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सिंह सहरावत, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, डीएफओ नरेश रंगा, ईओ नगर परिषद देवेंद्र नरवाल, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डीआईओ अंकित भी मौजूद रहे।

## थकावट और नींद की कमी के कारण जीवन में नहीं कर पाते मस्तीः सुनील

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में किया योग प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। योग करते बीके बहनें व भाई। फोटो : हरिभूमि

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आशा दीदी की अध्यक्षता में योग प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें योग कोच सुनील भाई ने सभी योगाभ्यासियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। सुनील ने कहा आजकल लोग आलसी, थके हुए या नींद की कमी महसूस करते हैं जिसके कारण वे अपने जीवन में अधिकतर मौज-मस्ती से चूक जाते हैं। अपने काम को सही ढंग से पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। सक्रियता होने के नाते आप अपने आसपास होने वाली चीजों के बारे में अधिक जागरूक रहते हैं । यह सब करने का एक तरीका नियमित रूप से योग का अभ्यास करना है। ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि फिजिकल हेल्थ के साथ-साथ मेंटली हेल्थ में भी योग का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

### अधोया में गूंजेगा बाबा श्याम कीर्तन का दरबार

**बराड़ा।** उपमंडल के गांव अधोया में शनिवार को बाबा खाटू श्याम के भक्तों के लिए भक्ति और श्रद्धा से सराबोर एक भव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। मोर्विनंदन श्याम कमेटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले श्री श्याम संकीर्तन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कमेटी के प्रधान संदीप गोयल ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। बृजेश बंसल एवं घनश्याम शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायिका वर्षा रागिनी तथा कोमल गोरी (कुरुक्षेत्र) अपनी सुमधुर वाणी से बाबा श्याम के भजनों का गुणगान करेंगी।

## रंजिश के चलते घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर किया हमला, तीन घायल

- पुलिस ने आरोपी युवक को नामजद करते हुए चार-पांच अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव गुमथला में रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों ने एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। हमले में तीन लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी युवक को नामजद करते हुए चार पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गुमथला निवासी अमित कुमार ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह उसका कुछ दिन पहले गांव के ही विकास कुमार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी विकास उससे रंजिश रखने लगा। अमित ने बताया कि 29 मई को वह अपने घर पर काम कर रहा था। इस दौरान आरोपी विकास कुमार अपने चार-पांच अन्य साथियों के साथ उनके घर में घुस गया। आरोपी ने आते ही उसकी मां सोमवती व पिता समर सिंह पर हमला कर दिया। जब वह अपने माता-पिता को आरोपियों से छुड़वाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसे भी पीठ कर घायल कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी विकास कुमार को नामजद करते हुए चार-पांच अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला चिकित्सक से दुष्कर्म करने वाला आरोपी रिमांड पर, 15 लाख की रिकवरी के प्रयास

- चिकित्सक का आरोप शादीशुदा होते हुए आरोपी ने धोखे से रचाई थी दूसरी शादी

**अंबाला।** महिला दंत चिकित्सक से शादी करने के बाद जबरन गर्भपात कराने व 15 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया है। अंबाला कैंट के आरोपी हरीश कुमार को कोर्ट ने तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया है। पीड़िता जोधपुर की रहने वाली है। महेश नगर थाना प्रभारी जितेंद्र ढिल्लो का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपी से नकदी की बरामदगी व निशानदेही करवाई जाएगी। जोधपुर के मालवीय नगर की डॉक्टर ने जोधपुर थाने में शिकायत देकर यह आरोप लगाए थे। घटनास्थल अंबाला में होने के कारण जोधपुर पुलिस ने जीरो प्राथमिकी दर्ज कर महेश नगर थाने में भेज दी गई थी। महिला डॉक्टर का आरोप था कि नवंबर 2025 में मेट्रिमोनियल साइट के जरिये उसकी मुलाकात अंबाला कैंट के हरीश कुमार से हुई थी। आरोपी ने खुद को एक बड़े संस्थान का मालिक बताया था। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने के बाद 1 जनवरी को आरोपी ने एक मंदिर में शादी कर ली व उसे अंबाला कैंट ले आया। अंबाला आने के बाद उसे पता चला कि हरीश पहले से शादीशुदा है। उसने धोखे में रखकर यह दूसरी शादी की है। विरोध करने पर आरोपी ने अपनी कंपनी के विस्तार का झांसा देकर उससे करीब 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोप लगाया कि जब वह 12 सप्ताह की गर्भवती थी तो हरीश ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की व उसकी सहमति के बिना जबरदस्ती गर्भपात करवा दिया था।

## महिला आयोग की चेयरपर्सन के इस्तीफे के बाद नर्सिंग ऑफिसर्स की हड़ताल वापस

- अदालत का दरवाजा खटखटाने का भी किया ऐलान, चेयरपर्सन के बयान पर जताया ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया के इस्तीफे के बाद नर्सिंग एसोसिएशन ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में सुबह 10 बजे आधे घंटे की गेट मीटिंग के बाद सभी नर्सिंग ऑफिसर अपने काम पर लौट गई। एसोसिएशन की जिला प्रधान नीलम ने कहा कि वह मरीजों की सहूलियत और आवश्यक सेवाओं को देखते हुए काम पर लौट रही हैं लेकिन वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगी। भाटिया ने इस्तीफा तो दे दिया है लेकिन उन्होंने हमारे लिए जो अपशब्द कहे थे। पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी ओपीडी में नर्सिंग ऑफिसर की ड्यूटियां नहीं होती हैं तो फिर किस आधार पर नर्सिंग स्टाफ को इस मामले में घसीटा गया। उन पर गलतियां मढ़ी गईं। जिस डॉक्टर पर आरोप हैं उनकी शिकायतें पहले भी कई बार आ चुकी थीं। अगर डॉक्टर का रिकॉर्ड खराब था तो उन्हें दोबारा नियुक्त किसने और क्यों किया? बता दें कि कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी में किशोरी के यौन शोषण मामले में महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया के बयान के विरोध में नर्सिंग स्टाफ ने प्रदेश में मंगलवार को दो घंटे की हड़ताल की थी। बुधवार को भी हड़ताल का ऐलान था। अस्पताल में पिछले कुछ समय से चल रहा नर्सिंग स्टाफ का गतिरोध समाप्त हो गया है। मांगों को लेकर अड़ीं नर्सिंग ऑफिसर्स ने हड़ताल वापस ले ली है जिसके बाद अस्पताल की सभी स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह से सुचारू रूप से बहाल हो गई हैं। आंदोलन कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों के लिए यह एक अहम मोड़ है। प्रशासन के साथ बातचीत व आश्वासनों के बाद यह निर्णय लिया गया है।



### सीजेएम ने अपना घर संस्थान का किया औचक निरीक्षण, बुजुर्गों से बातचीत कर जानी समस्याएं

**अंबाला।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गीतांजली गोयल ने किया अपना घर ओल्ड ऐज होम का औचक निरिक्षण किया। न्यायधीश ने आश्रम में रह रहे वृद्ध व्यक्तियों का हाल जाना। उनसे चर्चा भी की साथ ही उनसे ये भी जाना की किसी तरह की कोई समस्या तो नहीं है। गोयल ने आश्रम का हर तरह से जांच की। ये भी जाना साथ ही आश्रम में वृद्ध लोगों की देखरेख और उनको मिलने वाली सुविधाओं जैसे कि कमरों कि साफ सफ़ाई और वृद्ध लोगों को दिया जाने वाले भोजन और रसोईघर का भी निरिक्षण किया। वृद्धों से भी उनके स्वास्थ्य और वहां होने वाली किसी तरह की समस्या की भी जानकारी ली। सीजेएम गीतांजली ने आश्रम के सभी रजिस्ट्रर को भी चेक किया।

### एक ही घर से तीन बार चोरी, नकदी व जेवरात साफ

**शहजादपुर।** बपौली रोड पर चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने एक ही घर को एक सप्ताह के भीतर तीन बार अपना निशाना बनाया। चोरों ने घर के ताले तोड़कर नकदी, लैपटॉप और सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। बपौली के रहने वाले शिवम ने शिकायत में बताया कि चोरों द्वारा उनके घर में लगातार चोरियों और घुसपैठ का प्रयास किया जा रहा था। 4 जून को चोरों ने पहली बार वीरवार की रात को घर में सेंध लगाई। चोर घर से एक लैपटॉप, एक टैबलेट, कानों की बालियां और अंगूठी आदि चोरी कर ले गए। दूसरी बार 7 जून की रात को चोर एक बार फिर घर में घुसे। हालांकि, जब परिवार ने शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा किया, तो चोर मौके से भागने में सफल रहे। तीसरी चोरी 9 जून को चोरों ने मंगलवार के दिन ही दुस्साहस दिखाते हुए घर के ताले तोड़ डाले।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### मोहलखेड़ा के योग खिलाड़ियों का सम्मान

**नरवाना।** नोर्थ इंडिया योगासन स्पोट्र्स चैंपियनशिप में गोल्ड सिल्वर एवं ब्रॉज मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन करने वाले मोहलखेड़ा के खिलाड़ियों का व्यायामशाला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य वीरेंद्र सिंह मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेडल विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार एवं योगा किट प्रदान कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी अमित रोहिला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच विजय बेदी ने व्यायामशाला के विकास के लिए महत्वपूर्ण सहयोग देते कुर्सी, मेज व जल्द ही ओपन जिम लगवाने का आश्वासन दिया गया।

**नॉर्थ जोन की टॉप परफॉर्मिंग का भी मिल चुका है प्रशंसा पत्र**

## संस्थान प्रवेश प्रतिशत व महिला सहभागिता में रहा अव्वल

**देशभर में चमका आईटीआई बराड़ा का नाम,9.5 अंक हासिल कर रचा नया कीर्तिमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


अंबाला। आईटीआई के भवन का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बराड़ा एट होली ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम आईटीआई ग्रेडिंग में संस्थान ने 10 में से 9.5 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ संस्थान को देश के अग्रणी आईटीआई संस्थानों में स्थान मिला है। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा जारी ग्रेडिंग में आईटीआई ने प्रवेश प्रतिशत, महिला सहभागिता, ट्रेड विविधता, उत्तीर्ण परिणाम, सीबीटी परीक्षा में प्रदर्शन, डीएसटी नामांकन तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग प्रशिक्षुओं के नामांकन जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मानकों पर उत्कृष्ट अंक अर्जित किए हैं। इसी का परिणाम है कि संस्थान ने 9.5 का प्रभावशाली ग्रेडिंग स्कोर हासिल किया। संस्थान की इस सफलता के पीछे आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों की अथक मेहनत को प्रमुख कारण माना जा रहा है। वर्षों से संस्थान युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल बना रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे संस्थान परिवार की सामूहिक मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि आईटीआई का उत्कृष्ट प्रदर्शन कोई नई बात नहीं है।